Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 अप्रैल, 2023

ऑटिज़्म जागरूकता दिवस

स्वलीनता/ऑटिज़्म जिसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) के रूप में भी जाना जाता है, विकास संबंधी एक विकार है जो लोगों की विस्तृत शृंखला को प्रभावित करता है, सामान्यतः इसका पता बचपन में चल जाता है और पूरे जीवन व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। **ऑटिज़्म से प्रभवित लोग सामाजिक कठिनाइयों का अनुभव कर सकते हैं, साथ ही वे दोहराए जाने वाले व्यवहार प्रतिरूप या वाक् एवं अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों** का सामना करते हैं। इस स्थिति वाले लोगों को विभिन्न स्तरों की देखभाल तथा सहायता की आवश्यकता हो सकती है। ऑटिज़्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा इस स्थिति से प्रभावित लोगों हेतु स्वीकृति एवं समर्थन को बढ़ावा देने के लिये **संयुक्त राष्ट्र ने 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस की स्थापना की। पहला विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस वर्ष 2008 में मनाया गया था। विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस 2023** की **थीम "घर पर, काम पर, कला और नीति निर्माण में ऑटिस्टिक प्रभावित व्यक्तियों का योगदान" है।** यह दिन ऑटिज़्म की सार्वजनिक समझ बढ़ाने एवं ऑटिज़्म से प्रभावित लोगों का समर्थन करने हेतु व्यक्तियों, समुदायों तथा संगठनों को कार्रवाई करने के लिये प्रोत्साहित करने के अवसर के रूप में कार्य करता है। भारत के **दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 ऑटिज़्म सहित दिव्यांग लोगों के अधिकारों से संबंधित है।**

और पढ़ें... ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर

भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा वर्चुअल तरीके से **भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन** (IBFP) का उद्घाटन किया गया। **यह पाइपलाइन** भारत और इसके पड़ोसी देशों के बीच **दूसरी सीमा पार ऊर्जा पाइपलाइन है, यह हाई-स्पीड डीज़ल (HSD) के 1 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (MMTPA) परिवहन की क्षमता रखती है।** जबकि **IBFP भारत और बांग्लादेश के बीच पहली सीमा पार ऊर्जा पाइपलाइन है।** यह पाइपलाइन दोनों देशों के संबंधों को और मज़बूती प्रदान करेगी तथा दोनों पक्षों के बीच कनेक्टिविटी एवं जनसंपर्क बढ़ाने में सहायक होगी। इससे दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ बांग्लादेश में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में विकास की गति में तेज़ी आएगी।

//

और पढ़ें... भारत-बांग्लादेश संबंध

बास्तील दिवस परेड

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को **बास्तील दिवस परेड** के अवसर पर फ्राँस द्वारा आमंत्रित किया गया था। वर्ष 1780 में **फ्राँसीसी सैन्य परेड** जिसे **बास्तील दिवस सैन्य परेड** तथा **14 जुलाई सैन्य परेड** के रूप में भी जाना जाता है, पेरिस में 14 जुलाई की सुबह मनाया गया था।**इस दिन को फ्राँस के राष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित किया जाता है।** इस सैन्य परेड को नृत्य एवं आतिशबाज़ी के साथ मनाया जाता है।

महावीर जयंती

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को महावीर जयंती की बधाई दी। यह जैन धर्म **के अनुयायियों** के लिये एक शुभ दिन है क्योंकि यह **भगवान महावीर की जयंती का प्रतीक है, जो जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर थे।** भगवान महावीर का **जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की 13वीं तिथि** को हुआ था। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, यह आमतौर पर मार्च या अप्रैल के महीने में मनाई जाती है। महावीर जयंती पर भगवान महावीर की मूर्ति के साथ एक जुलूस निकाला जाता है जिसे **रथ यात्रा** कहते है तथा **मूर्ति को औपचारिक स्नान कराया जाता है जिसे अभिषेक** कहा जाता है। भक्त भगवान की स्तुति में **जैन प्रार्थना या स्तवन का पाठ** करते हैं। महावीर की शिक्षाएँ अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों के इर्द-गिर्द घूमती हैं। उन्होंने **अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शुद्धता और अनासक्ति के महत्त्व** पर बल दिया, जिन्हें बाद में **जैन आगमों में संकलित** किया गया। उनकी शिक्षाएँ सरल एवं समझने में आसान थीं क्योंकि शिक्षा का माध्यम**प्राकृत भाषा** में था; एक ऐसी भाषा जिसे आम लोग समझ सकते थे। ऐसा माना जाता है कि **भगवान महावीर ने 72 वर्ष की आयु में प्राण त्याग दिये** और उन्होंने **बिहार में आधुनिक राजगीर के पास पावापुरी में** जन्म एवं मृत्यु के चक्र से मोक्ष या मुक्ति प्राप्त की थी। महावीर जयंती का उत्सव लोगों के लिये इन सिद्धांतों पर चिंतन करने तथा नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने का प्रयास करने का एक अवसर है।

और पढ़े... महावीर जयंती

कोप इंडिया अभ्यास

भारत और अमेरिका की वायु सेनाएँ पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर 10 से 21 अप्रैल, 2023 तक **[कोप इंडिया अभ्यास]** आयोजित करने के लिये तैयार हैं, जिसमें **जापान एक पर्यवेक्षक के रूप में शामिल** होगा। **कोप इंडिया अभ्यास एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास** है जिसमें **[भारतीय वायु सेना (IAF)]** और **अमेरिकी वायु सेना (USAF)** शामिल हैं, यह **वर्ष 2004 में एक लड़ाकू-प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था** । अभ्यास की सबसे हालिया पुनरावृत्ति वर्ष 2019 में हुई थी। इस अभ्यास को **लड़ाकू-प्रशिक्षण अभ्यास, विषय विशेषज्ञ आदान-प्रदान, वायु गतिशीलता प्रशिक्षण, एयरड्रॉप प्रशिक्षण एवं बड़े सैन्य अभ्यासों** को शामिल करने हेतु विकसित किया गया है। भारत और अमेरिका के बीच अन्य संयुक्त रक्षा अभ्यासों में **[युद्ध-अभ्यास]** (सैन्य अभ्यास), **[वज्र प्रहार]** तथा जापान के साथ **[धर्म गार्जियन]** शामिल हैं एवं भारत, जापान तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की नौ-सेनाओं के बीच त्रिपक्षीय **[समुद्री अभ्यास मालाबार]** संपन्न होता है।

और पढ़ें... [भारत-अमेरिका संबंध]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-april-2023